# आपदा प्रबंधन की दिशा में नगर निगम खंडवा का सराहनीय प्रयास- मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

खंडवा। नगर पालिक निगम खंडवा द्वारा आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं समन्वित प्रतिक्रिया की दक्षता का मूल्यांकन करने हेतु एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में नगर निगम की 35 सदस्यीय टीम ने जेसीबी, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस सहित सभी आवश्यक उपकरणों के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई।





मॉक ड्रिल की शुरुआत कंट्रोल रूम से एक आपातकालीन कॉल प्राप्त होने से हुई, जिसमें सूचित किया गया कि जलकार्य विभाग के पीछे स्थित भवन में पति-पत्नी (डमी बॉडीज़) फँसे हुए हैं। उपायुक्त श्री एस. आर. सिटोले द्वारा वायरलेस के माध्यम से तत्काल निर्देश जारी किए गए। सूचना मिलते ही पूरी टीम निर्धारित उपकरणों के साथ त्वरित गति से घटनास्थल पर पहुँची।

यातायात को अवरुद्ध कर राहत कार्य प्रारंभ किया गया। भवन के भीतर प्रवेश का रास्ता बाधित होने के कारण जेसीबी की सहायता से मार्ग बनाया गया। बिजली के तारों से किसी प्रकार की क्षति न हो, इसके लिए विद्युत विभाग से समन्वय कर तत्काल क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद करवाई गई। तत्पश्चात एंबुलेंस से स्ट्रेचर निकालकर दोनों डमी बॉडीज़ को सावधानीपूर्वक अस्पताल पहुँचाया गया। अंतिम चरण में आग बुझाने की कार्रवाई सफलतापूर्वक संपन्न की गई। यह मॉक ड्रिल नगर निगम की आपदा प्रबंधन तैयारियों, विभागीय समन्वय, और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण रही। निगम ने सभी विभागों से प्रभावी समन्वय स्थापित कर मॉक ड्रिल को सफल बनाया।

इस अभ्यास में उपायुक्त के अतिरिक्त तहसीलदार, कार्यपालन यंत्री श्री राधेश्याम उपाध्याय, सहायक जनसंपर्क अधिकारी श्री गौरव खरे, प्रभारी बाज़ार अधिकारी श्री प्रकाश राजपूत, सहायक लाइब्रेरियन श्री सापन जैन, उपयंत्री श्री भूपेंद्र बीसेन, श्री संजय शुक्ला, श्री मनीष झीले, श्री प्रशांत पचौरे, श्री आदर्श शर्मा, श्री सर्वेश मिश्रा, श्री राकेश कलाम, झोन प्रभारी श्री धीरज डेव, श्री भुवन श्रीमाली, श्री मनीष पंजाबी, श्री सखाराम भट्ट, श्री जाकिर अहमद, श्री अजय पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। नगर निगम खंडवा नागरिकों की सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है। इस प्रकार के अभ्यास भविष्य में भी नियमित रूप से आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावशाली कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## सद्भावना मंच ने मदर्स डे पर एक शाम मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया



**खंडवा।** सद्भावना मंच द्वारा मंच कार्यालय पर मदर्स डे के उपलक्ष्य में और मातृ शक्ति के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि मां का आशीर्वाद ईश्वर के आशीर्वाद तुल्य है।मां का आशीर्वाद ऐसा सुरक्षा कवच है, जो हमें आने वाली समस्त परेशानियों से बचाता है। श्री जैन ने कहा कि मां सिर्फ एक शब्द ही नहीं, बल्कि संपूर्ण ब्रह्मांड की सबसे पवित्र भावना और त्याग की प्रतिमूर्ति है।जब कभी भी यह शब्द हमारे कानों में गूंजता है, तो उसमें प्रेम, त्याग, बलिदान और अनंत स्नेह की प्रतिध्वनि सुनाई देती है। माँ की ममता किसी भी परिभाषा से परे होती है, क्योंकि वह निःस्वार्थ प्रेम का सबसे सुंदर उदाहरण होती है।माँ से ही मानव की उत्पत्ति हुई है और उन्हीं के अस्तित्व से सृष्टि का अस्तित्व जुड़ा होता है। मां अपने बच्चों को ऊंचाइयों पर देख कर हर्षित होती है।कमल नागपाल ने कहा कि सबसे बड़ा धनवान वही है, जिनके पास मां है।अन्य सदस्यों ने भी विचार व्यक्त किए।

**द्वितीय सत्र में कराओके पर गीत प्रस्तुति और काव्य पाठ-** द्वितीय सत्र में कराओके संगीत के साथ एक शाम मां के नाम कार्यक्रम आयोजित हुआ,साथ ही काव्य गोष्ठी भी रखी गई।इस अवसर पर सद्भावना मंच के अध्यक्ष प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, जगदीश चंद चौरे, सुरेन्द्र गीते, त्रिलोक चौधरी,गणेश भावसार, कमल नागपाल,ओम पिल्ले,एन के दवे,राधेश्याम शाक्य,महेश मूलचंदानी,धीरज कुमार नेगी,नारायण फरकले,अंतिम शुक्ला,सुभाष मीणा,कैलाश पटेल आदि उपस्थित रहे।कई सदस्यों ने मां पर केंद्रित गीत प्रस्तुत किए।

## सभी विभाग अपने दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें -कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता

### नागरिक आंतरिक सुरक्षा कार्य योजना के संबंध मे बैठक हुई आयोजित



**खंडवा।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय द्वारा शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में नागरिक आंतरिक सुरक्षा कार्य योजना संबंधी बैठक ली गई। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने कहा कि भारत पाकिस्तान के मध्य हो रहे युद्ध को देखते हुए जिला स्तर पर हमें सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर जिले के नागरिकों की सुरक्षा व बचाव कार्य प्रभावी ढंग से किए जाने हेतु तैयार रहना है। इस हेतु सभी विभाग अपने दायित्वों का गंभीरता पूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयां, उपकरण, डॉक्टर मय स्टाफ, ब्लड बैंक में सभी ग्रुपों के रक्त की पर्याप्त मात्रा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ विभाग मॉक ड्रिल कर घायलों को ट्रामा सेंटर ले जाने एवं उनके इलाज हेतु समुचित प्रबंध करें। उन्होंने कहा कि सभी एंबुलेंस को चेक कर सही स्थिति में रखा जाए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर पूर्ण निगरानी रखी जाए। भ्रामक एवं गलत जानकारी शेयर करने वालों पर तुरंत कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस वालंटियर बनाए जाकर उन्हें ट्रेनिंग दी जाए। उन्होंने जिले में पर्याप्त खाद्य सामग्री, पेट्रोल-डीजल, घरेलू गैस, पेयजल की व्यवस्था, विद्युत प्रदाय की व्यवस्था के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल की अध्यक्षता में मुस्कान कार्यक्रम की समीक्षा की गई



**खंडवा।** म.प्र. शासन के दिशा निर्देशानुसार खंडवा में शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एन.क्यू.ए.एस.) के अनुसार संचालित करने हेतु श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खंडवा के सिविल सर्जन कक्ष मंच एस.एन.सी.यू, पी.आई.सी.यू , पीडियाट्रिक वार्ड, पीडियाट्रिक ओ.पी.डी, एवं एन.आर.सी.के एमओ इंचार्ज एवं सिस्टर इंचार्ज की बैठक सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल की अध्यक्षता में संपन्न हुईद्य उनके द्वारा मुस्कान कार्यक्रम की समीक्षा कर बताया कि नेशनल एसेसमेंट के पूर्व सभी कर्मचारी अपने-अपने वार्ड की चेक लिस्ट भरें, जो कमियां है उसकी डिमांड बनाकर दें, ताकि नेशनल मुस्कान कार्यक्रम के एसेसमेंट की तैयारी की जा सके द्य डॉ. भूषण बांडे शिशु रोग विशेषज्ञ द्वारा बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती करने के मापदंडों की जानकारी देते हुए एम.यू.ए.सी. नाप, ऊंचाई, वजन एवं कुपोषित बच्चों को पहचानने संबंधी जानकारी दी गई। बैठक में डॉ. कृष्णा वास्केल शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. हेमंत गर्ग शिशु रोग विशेषज्ञ, आर.एम.ओ. डॉ. एम.एल. कलमे, डॉ. सुजीत वर्मा दंत रोग विशेषज्ञ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## खंडवा जेसीआई द्वारा रेलों में यात्रियों को पिलाया ठंडा पानी

**खण्डवा।** मानव सेवा ही माधव सेवा है ।खंडवा जेसीआई द्वारा ग्रीष्मकाल में बढ़ते हुए तापमान के साथ रेल में खचाखच भीड़ को देखते लोगो मे जल सेवा हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जल सेवा की गई।रेलवे से यात्रियों को पानी के लिए जहां उतरने की जगह नहीं मिलती है ऐसे भीड़ भरे जनरल कोच में 100 केन ठंडा पानी लोगों को ठंडा जल उपलब्ध कराया गया ।बच्चों महिलाओं व यात्रियों ने दिल से सभी को धन्यवाद दिया ।खंडवा जेसीआई के अध्यक्ष सुजाता मोरे, पूर्व अध्यक्ष अनिल बाहेती , नागेश वालंजकर, ज्योति वालंजकर, विकास मित्तल , सदस्य मनन सोनी , आयुष पाटोदी, अनिरुद्ध राजावत, बिट्टू मेहरा, कोषाध्यक्ष कुशदिप होरा ,सक्षम कुमावत, प्रेरित जैन, सचिव प्रिन्स जिंदल, जे ए सी के अध्यक्ष हेमंत मुंदडा ,रेलवे के सुनील गुप्ता, पुलिस विभाग के सदस्य, उपस्थित टिकिट चेकर सभी ने पानी पिलाने में काफी सहयोग दिया ।लगभग पांच रेल के 2000 व्यक्तियों को पानी पिलाया गया।



## उड़नखटोला ग्रुप द्वारा मातृत्व दिवस पर नारी सम्मान



**खंडवा।** पौराणिक वेद, आध्यात्मिक, सामाजिक एवं युगों से मातृत्व प्रेम को सर्वोच्च स्थान दिया गया है वर्तमान परिवेश में 'माँ' के विभिन्न कार्यरूप एवं दक्षता पर उड़नखटोला ग्रुप द्वारा ÷नारी सम्मान÷ कार्यक्रम के तहत व्याख्यान रखा गया। उड़नखटोला ग्रुप के आनंद जोशी, राकेश पाराशर एवं रत्नेश राजवैद्य ने बताया कि ग्रुप यह आयोजन लगभग 10 वर्षों से निरंतर आयोजित कर रहा है । कार्यक्रम के आरंभ में मां सरस्वती का पूजन वंदन छाया पाराशर, तनुजा जोशी, सुदीपा पाराशर एवं वंदना गुप्ता ने किया । नेहा सोनी, नीलम मैथिल, संध्या पहारे एवं सतनाम कौर ने मातृत्व प्रेम पर सुन्दर रचनाएँ प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट पाल अकादमी खंडवा के बी एड कॉलेज प्राचार्य पिनेंद्र गुप्ता एवं अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय रेल सेवा के सेवानिवृत्त लोको पायलट संजय पाराशर ने मातृत्व दिवस पर शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह् दे कर सभी का नारी सम्मान किया । इस अवसर पर सर्वश्री मुकेश मैथिल,अमरजीत सिंह सलूजा, दिनेश पहारे, चन्द्रशेखर सोनी आदि उपस्थित रहें । कार्यक्रम का संचालन सुदीपा पाराशर ने किया आभार छाया राकेश पाराशर द्वारा व्यक्त किया गया।

## सिद्धवरकूट अध्यात्म और प्रकृति का अनुपम उपहार : उपाध्याय विरंजन सागर जी



**खण्डवा/** सिद्धवरकूट सिद्ध क्षेत्र दिगंबर जैन संस्कृति का अति प्राचीन अनुपम तीर्थ है।दो चक्री दस काम कुमार मुनि सहित साढ़े तीन करोड़ मुनियों की निर्वाण स्थली यह तीर्थ अध्यात्म और प्रकृति का अनुपम उपहार है। यह तीर्थ हमें बताता है कि हमारी संस्कृति अत्यंत ही समृद्ध है,जिसका इतिहास अनादि काल से है।उक्त विचार गणाचार्य विराग सागर जी महाराज के परम शिष्य उपाध्याय मुनि श्री विरंजन सागर जी महाराज ने सुहावना सिद्धवरकूट इतिहास पुस्तक के लेखक राजेंद्र जैन महावीर से हुई चर्चा में व्यक्त किए। इस अवसर पर ट्रस्टी आशीष चौधरी, रजनीश जैन,अजय जैन उपस्थित थे।

क्षेत्र के मीडिया प्रभारी सुनील जैन ने बताया कि उपाध्याय श्री संघ में तीन मुनि,एक क्षुल्लिका जी सम्मिलित हैं जो पट्टाचार्य महामहोत्सव सुमति धाम इंदौर से पद विहार कर छत्रपति सम्भाजी नगर जा रहे हैं। 12अप्रैल को प्रातः काल सनावद नगर में प्रवेश करेंगे। उपाध्याय श्री को क्षेत्र की जानकारी देते हुए आशीष चौधरी ने बताया कि वर्ष 2013 में गणाचार्य विराग सागर जी महाराज अपने विशाल संघ 71पीछी सहित पधारे थे।श्रद्धालुओं ने पद विहार में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया। तपती धूप में मुनि संघ का विहार हुआ।

## नाबालिग किशोरी को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को थाना छैगांवमाखन पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

खण्डवा। थाना छैगांवमाखन पर फरियादी ने रिपोर्ट किया था कि उसकी नाबालिग लडकी को कोई अज्ञात बदमाश बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना छैगांवमाखन पर अपराध क्र. 44/2025 धारा 137 (2) का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना की जा रही थी।



प्रकरण में श्रीमान पुलिस अधीक्षक खंडवा, श्रीमान अति0 पुलिस अधीक्षक खंडवा (शहर) व श्रीमान उप पुलिस अधीक्षक (मु0) खंडवा द्वारा अपहृता की त्वरित दस्तयाबी हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे, जिस पर थाना छैगांवमाखन से थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम धार्वे के नेतृत्व में विवेचक सहा. उपनिरी प्रमोद चौधरी द्वारा अपहृता की पतारसी हेतु मुखबिर मामूर किये गये थे एवं सतत पतारसी की जा रही थी, बाद सायबर सेल की मदद से अपहृता को आरोपी रितेश पिता राजेश जाति कोरकू उम्र 19 साल नि. जुनापानी किल्लौद से बरामद किया एवं कथनो के आधार पर प्रकरण में धारा 87,64(2) (द्व), 65(1), 142,3 (5) भा.न्या.सं. एवं 5 एल/ 6 पॉक्सो एक्ट बढाई जाकर मुख्य आरोपी रितेश पिता राजेश जाति कोरकू उम्र 19 साल नि. जुनापानी किल्लौद व सहायक आरोपी रघुवीरसिंह पिता हरेसिंह राजपूत उम्र 31 साल नि. सिरनखेडी उज्जैन को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

**सराहनीय भूमिका-** निरी. विक्रम धार्वे, उनि फूलवती चिन्चे, सउनि प्रमोद चौधरी, प्रआर. 299 सुनील सिंह सेंगर, आर. 756 आशीष गंगवाल थाना छैगांवमाखन व सायबर सेल खंडवा टीम प्रआर. जितेंद्र राठौर की सराहनीय भुमिका रही।

## नेशनल लोक अदालत में कुल 17 खंडपीठों के द्वारा किया गया प्रकरणों का निराकरण

### आपसी राजीनामे के आधार पर हुआ प्रकरणों का निराकरण - प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन

**खंडवा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के यथानिर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डवा श्रीमती ममता जैन के मार्गदर्शन में व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डवा के लोक अदालत के नोडल अधिकारी / विशेष न्यायाधीश श्री एम.के. मण्डलोई व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खण्डवा के सचिव श्री पियूष भावे के समन्वय से शनिवार को खण्डवा जिले में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय खण्डवा में प्रातः 10ः30 बजे ए. डी.आर. सेन्टर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा में श्रीमती ममता जैन के कर कमलों से दीप प्रज्जवलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभांरभ किया गया। उक्त अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, श्री योगराज उपाध्याय, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री रविन्द्र पाथरीकर, अन्य न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री दिलावर सिंह अधिवक्तागण, डिफेंस अधिवक्तागण, बैंक, न्यायालीन अधिकारीगण / कर्मचारीवृंद, खण्डपीठ सदस्यगण पैरालीगल वालंटियर्स, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, सामाजिक कार्यकर्ता, एवं पक्षकारों की उपस्थिति रही। शुभांरभ के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन द्वारा कहा गया कि लोक अदालत के माध्यम से निराकृत प्रकरणों में पक्षकारों के मध्य मधुर संबंध बने रहते हैं। नेशनल लोक अदालत हेतु खण्डवा मुख्यालय में 14 खण्डपीठ व तहसील न्यायालय हरसूद में 2 एवं पुनासा न्यायालय में 01 खण्डपीठ खण्डपीठ का गठन किया गया। इस प्रकार कुल 17 खंडपीठों के द्वारा नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निरकारण किया गया। जिसमें कुटुम्ब न्यायालय में कुल 04 वैवाहिक प्रकरण का निराकरण हुआ व पराकम्य लिखित अधिनियम के 64 प्रकरण में राशि रूपए 1 करोड़ 67 लाख 01 हजार छः सौ उन्चालीस रूपए राशि का अवार्ड एवं 115 आपराधिक व 05 श्रम न्यायालय प्रकरणों में राजीनामा हुआ तथा न्यायालय में लंबित विद्युत के 24 प्रकरण में एवं अन्य सिविल प्रकरण 04 तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में बैंकों के 78 प्रकरण में रूकी हुई वसूली के रूप में 10 करोड़ 36 लाख 64 हजार पाँच सौ सत्तावन रूपए राशि की वसूली हुई तथा बिजली बिल के 85 प्रकरणों में 9 लाख 69 हजार रूपए की वसूली हुई तथा वाटर बिल के 582 प्रकरण में 18 लाख 63 हजार 5 सौ सत्तावन रूपये की वसूली हुई।



# श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा में आदिगुरु शंकराचार्य जयंती व्याख्यानमाला का आयोजन

**खंडवा- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन आज रविवार दिनांक 11मई 2025 को श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित किया गया। नारायण फरकले ने बताया कि कार्यक्रम का शुभांरभ अतिथियों द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया।**

मुख्य वक्ता संतोष तिवारी, डॉ राजेन्द्र प्रसाद सेन अनिल चारोले, जनपद सदस्य मगन बर्ड,जिला समन्वयक जगदीश पटेल, ब्लाक समन्वयक राजकुमार मालाकार आदि मंचासीन थे। मुख्य वक्ता श्री तिवारी ने आदिगुरु शंकराचार्य के बाल्यकाल एवं जीवनकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य गुरु की तलाश में अकेले ही निर्जन वनों पहाड़ी इलाकों, नदियों और, विशाल पर्वतों को लांघा और मुनियों से निर्देश लेकर नर्मदा के तटों को सूंघते हुए ओंकारेश्वर पहुंचे थे।प्राकृतिक अवरोधों पर विजय प्राप्त की नर्मदा परिक्रमा वासी बनकर ओम्कारेश्वर में अपनी यात्रा स्थगित की क्योंकि उनके गुरु गोविंद पादाचार्य का आश्रम नर्मदा तट पर था। उन्होंने समुचे भारत की एकात्मकता का सपना देखा था।संपूर्ण देश के चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। उनका लक्ष्य था आत्म तत्व की खोज आत्मतत्व के दर्शन मात्र से आदि शंकर भारतीय समाज के दर्पण बन गये।जिला समन्वयक श्री पटेल ने भी आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन में घटित घटनाओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा भारतीय समाज को ज्ञान से आलोकित करने की ललक थी।12 वर्ष की सुकुमार अवस्था में ही शंकर को आत्म ज्ञान हो गया था। गुरु गोविंद पादाचार्य द्वारा संन्यास, वेदान्त सूत्र एकात्म दर्शन की शिक्षा दीक्षा ली।चार वर्षो के अंतराल में गुरु ने अपने शिष्य को जगत गुरु बना दिया।जन अभियान परिषद के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन संस्थाओं के पदाधिकारी नारायण फरकले, मनोज वर्मा,राम वर्मा, नितेश पाल, धनपाल सोलंकी विवेक सारशर सहित समाज कार्य के मेंटर्स राहुल राठवे, लल्लू सिंह सोलंकी, दिलावर सोनरिश, आशीष पटेल, समाज कार्य के विद्यार्थी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेश मालाकार ने किया एवं आभार मेंटर श्रद्धा गुप्ता ने माना।



†